ई मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण / तत्काल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप / अनु0–6 / समसेमे0परी0 / जून–2022 / 1419 लखनऊः दिनांकः 15.6.22

विषयः परिषद द्वारा आयोजित आगामी सम0 सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा जून–2022, में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र / छात्राओं के भराये गये परीक्षाफार्म में संशोधन किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि परिषद की आगामी सम0 सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा जून–2022 एवं मल्टी प्वाईट इंट्री एण्ड क्रेडिट सिस्टम परीक्षा जून 2022, दिनांक 25–06–2022 से आयोजित होना निर्धारित है। कतिपय संस्थाओं से परिषद में प्राप्त आवेदन / ई0मेल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ छात्र–छात्राओं द्वारा गलती से जेंण्डर / कैटगिरी / जन्म तिथि / ई0मेल0 आई0डी0 / मोबाइल नं0 / फोटो एवं सिग्नेचर गलत अपलोड कर दिया गया है।

उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्रा, जो अपना परीक्षा फार्म भर चुके है, यदि किसी छात्र–छात्रा के जेंण्डर / कैटगिरी / जन्म तिथि / ई0मेल0 आई0डी0 / मोबाइल नं0 / फोटो एवं सिग्नेचर में यदि कोई संशोधन अपेक्षित हो तो संस्था स्वयं अपने स्तर से संबंधित छात्र–छात्रा के डाटा में संस्था लॉगिन पर स्थित **UPDATE PHOTO, SIGNATURE & OTHER STUDENT DETAILS** लिंक के माध्यम से संशोधन करना सुनिश्चित करें। **UPDATE** का लिंक परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर संस्था लॉगिन पर दिनांक 16 / 06 / 2022 से दिनांक 22 / 06 / 2022 तक उपलब्ध है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित छात्र–छात्राओं का संशोधन उक्त समयावधि के अन्दर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही आपको अवगत कराना है कि उक्त समयावधि के पश्चात किसी भी दशा में उक्त संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेगें एवं संस्था द्वारा संशोधित किये गये छात्र–छात्रा के फोटो, सिग्नेचर एवं अन्य संशोधनों के लिये संस्था स्वंय जिम्मेदार होगी।

भवदीय,

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।

पृ0सं0ः प्राशिप / अनु0–6 / समसेमे0परी0 / जून–2022 / 1420-22 तद्दिनांकः 15.6.22

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।